**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–01.01.2025 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **नए वर्ष में मंत्रिमंडल की पहली बैठक किसानों को समर्पित, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जारी रखने का हुआ फैसला, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–इस मद में आवंटित राशि बढाकर 69 हजार पांच सौ 15 करोड़ रुपये कर दी गई।**
2. **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खरसावां गोली कांड के शहीदों को दी श्रद्धांजलि, पारंपरिक रूप से शहीदों को किया नमन।**
3. **डीजीपी अनुराग गुप्ता ने नव प्रोन्नत अधिकारियों को बैज लगाकर किया सम्मानित।**
4. **राजधानी रांची समेत राज्यभर के मंदिरों में नववर्ष के पहले दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, पूजा अर्चना के साथ किया गया नए साल का शुभारम्भ।**
5. **नए साल के पहले दिन ठंड से ठिठुरा राज्य, अगले दो से तीन दिनों तक कोहरे का पूर्वानुमान।**

**समाचार विस्तार से**

***********************

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को जारी रखने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित करते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मद में आवंटित राशि बढाकर उनहतर हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रुपये कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत बीमित किसानों में 88 प्रतिशत छोटे और सीमांत किसान हैं, और इनमें 57 प्रतिशत किसान अन्य पिछडा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति से आते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि पिछले आठ वर्षों में किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत एक लाख 70 हजार करोड रुपये की राशि का भुगतान किया गया। उन्होंने यह भी कहा कि नए वर्ष–2025 में मंत्रिमंडल की पहली बैठक किसानों को समर्पित है।

***********************

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने डाई अमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी बढाकर तीन हजार पांच सौ रुपये प्रति मीट्रिक टन करने की मंजूरी दी है। इससे किसानों को किफायती मूल्य पर डीएपी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। आज नई दिल्ली में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि किसानों को एक हजार तीन सौ पचास रुपये की दर से 50 किलोग्राम प्रति बोरी डीएपी मिलती रहेगी। इस फैसले से लगभग तीन हजार आठ सौ पचास करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पडेगा, जिसे केंद्र सरकार वहन करेगी।

***********************

केन्द्र सरकार ने आज से वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन–ओएनओएस योजना की शुरुआत की। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लेटफार्म के तहत शोधपत्रों, जरनलों और शैक्षिक सामग्री सहित व्यापक डिजिटल ज्ञान संसाधनों तक निर्बाध पहुंच उपलब्ध कराना है। इस योजना से अलग–अलग जगह सब्सक्रिप्शन लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी और ज्ञान सबको सुलभ होगा। विश्वविद्यालयों और आईआईटी सहित सरकारी सहायता प्राप्त उच्च शिक्षा संस्थानों के एक करोड 80 लाख विद्यार्थियों को इस पहल के अंग के रूप में दुनिया भर के शीर्ष जरनल में प्रकाशित शोध पत्रों को देखने की सुविधा मिलेगी। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने बताया कि योजना तीन चरणों में लागू होगी। जिसका पहला चरण आज से शुरू हो चुका है।

***********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज खरसावां गोली कांड की 77वीं बरसी पर शहीदों को अपनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और राज्य के कई मंत्री, विधायक भी शामिल हुए। इस मौके पर श्री सोरेन ने खरसावां शहीद बेदी और केसरे मुंडा चौक पर पारंपरिक रूप से तेल, हल्दी और पुष्प अर्पित कर शहीदों को नमन किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यहां आकर अपने पूर्वजों की शहादत पर उन्हें याद करना काफी सुकून देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें गर्व है कि साल के पहले दिन यहां बड़े पैमाने पर आदिवासी मूलवासी जुड़ते हैं और अपने पूर्वजों की शहादत को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

इससे पहले आज सुबह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने भी अपनी पत्नी मीरा मुंडा के साथ खरसावां शहीद स्थल में शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

******************

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने नव वर्ष के प्रथम दिन नव प्रोन्नत पुलिस महानिरीक्षक अनुप बिरथरे, पटेल मयूर कन्हैया लाल, पुलिस उप–महानिरीक्षक चन्दन कुमार झा और पुलिस उप महानिरीक्षक अनुरंजन किस्पोट्टा को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीजी सुमन गुप्ता, आईजी अभियान अमोल विणुकांत होमकर, समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कल राज्य सरकार ने नौ आईपीएस में से तीन को आईजी रैंक जबकि छह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी थी।

******************

हजारीबाग जिले के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में गायनिक मॉड्यूलर ओटी बनकर तैयार हो गया है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में पारंपरिक हर्षोल्लास और धार्मिक भावना के साथ नए वर्ष 2025 का स्वागत किया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी को नूतन वर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। नव वर्ष पर राज्य के तमाम धार्मिक स्थलों पर लोग सवेरे से ही भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे । रामगढ़ के रजरप्पा स्थित मां छिन्नमस्तिके की पूजा–अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद लिया। नए वर्ष को लेकर रामगढ़ जिला प्रशासन और मंदिर न्यास समिति के द्वारा श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। इधर जामताड़ा जिले में विभिन्न मंदिरों, देवस्थानों में पूजा आराधना कर श्रद्धालुओं ने विश्व कल्याण और जिले वासियों की सुख समृद्धि के साथ उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की । उधर उपराजधानी दुमका में आज साल के पहले दिन बाबा बासुकीनाथ धाम में पूजा–अर्चना करने के लिए श्रद्धालु देर रात से ही कतारबद्ध होने लगे थे। सुबह तीन बजे मंदिर का पट खुलते ही सरकारी पूजा के बाद श्रद्धालुओं ने जलार्पण शुरु किया। खूंटी के आम्रेश्वर धाम में भी नए साल के मौके पर लोगों की भारी भीड़ देखी गई।

******************

नव वर्ष के पहले दिन राज्य में पहाड़ों से आने वाली सर्द हवाओं की वजह से तापमान में भारी गिरावट आई है। राजधानी रांची का तापमान एक दिन में करीब 5 डिग्री सेल्सियस गिर गया है और अगले 2–3 दिन तक न्यूनतम तापमान में और गिरावट का पूर्वानुमान है। मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक राज्य में धुंध और कोहरा छाया रह सकता है।

******************